07/07/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

ओडीसा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथयात्रा आज से शुरू हो गई है। तिरपन साल बाद यह यात्रा दो दिनों की हो रही है। इस यात्रा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, ओडीसा के राज्यपाल रघुबर दास और मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सहित कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। इसका आयोजन हर साल आषाढ़ माह में शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि से होता है और भगवान जगन्नाथ दशमी तिथि तक जन सामान्य के बीच रहते हैं। इस दौरान भगवान जगन्नाथ बड़े भाई बलराम और बहन देवी सुभद्रा के साथ रथ पर विराज कर गुंडीचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य आयोजन दस दिनों तक चलता है। रथयात्रा में सबसे आगे ताल ध्वज पर श्री बलराम जी चलते हैं। उनके पीछे पद्म ध्वज रथ पर देवी सुभद्रा व सुदर्शन चक्र होते हैं। अंत में गरुण ध्वज पर श्री जगन्नाथ जी चलते हैं। भगवान जगन्नाथ के रथ को नंदीघोष अथवा गरुड़ध्वज कहा जाता है। मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण, बलराम और सुभद्रा जी का वही स्वरूप आज भी जगन्नाथपुरी में है, जिसे स्वयं विश्वकर्मा जी ने बनाया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू होने पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने भगवान जगन्नाथ से सभी की प्रसन्नता, शांति और संपन्नता की कामना की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भगवान जगन्नाथ के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कामना की कि उनकी कृपा देश पर सदैव बनी रहे।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक ने कहा है कि अग्नीवीर स्कीम देश के युवाओं को शॉर्ट पीरियड के लिए सेना में सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। इसके माध्यम से उन्हें आर्म्ड फोर्सेज की कार्यप्रणाली, अनुशासन, मेंटल एंड फिजिकल अबिलिटिज के बारे में भी अनुभव हासिल होता है।

0000000000000000

अरुणाचल प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र आगामी उन्नीस जुलाई से शुरु होगा। विधानसभा सचिवालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार छब्बीस जुलाई तक चलने वाले बजट सत्र में वित्त मंत्री का पदभार संभाल रहे उपमुख्यमंत्री चाउना मेन वित्त वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के लिए बजट पेश करेंगे। इस सत्र में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के. टी. परनाईक के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इसके अलावा बजट पर चर्चा के साथ ही कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा होने की संभावना है। इधर अरुणाचल प्रदेश सरकार के फाइनेंस, प्लानिंग एंड इनवेस्टमेंट डिपार्टमेंट ने वित्त वर्ष दो हजार चौबीस-पच्चीस के राज्य बजट के संबंध में प्रदेश के लोगों से सुझाव आमंत्रित किया है। मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने अपने एक ट्वीट में कहा है कि राज्य बजट में जनता की आकांक्षाओं और जरूरतों को शामिल करने के लिए सरकार पारदर्शिता के साथ लोगों के सुझावों पर अमल करेगी।

उन्होंने लोगों से अपने सुझाव डब्लूडब्लूडब्लू.अरुणाचलबजट.इन पर ग्यारह जुलाई तक भेजने की अपील की है। टॉप थ्री सुझाव देने वाले प्रतिभागियों को पचास-पचास हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया जायेगा।

0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने तवांग जिले के जांग में मिनि टर्फ फुटबॉल ग्राउंड का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इस नई सुविधा से युवाओं के शारीरिक विकास में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री युवाओं से अपने ऊर्जा को रचानात्मक कार्यों में लगाने और नशे का सेवन न करने की अपील की। उन्होंने गवर्नमेंट सेकेंड्री स्कूल जांग में भारतीय सेना की 15 पंजाब रेजिमेंट द्वारा स्थापित विक्रमशिला लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। इस मॉडर्न लाईब्रेरी में पुस्तकों का अच्छा संग्रह है और इससे युवाओं को पढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। 0000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खाण्डू ने तवांग जिले के जांग-थिंगबु ब्लॉक के किनोजुंग विलेज ऑर्गेनाईजेशन की वुमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के सदस्यों द्वारा लगाया गया स्टॉल का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा है कि सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के खाने पीने के सामान, सुगंधित और हस्तशिल्प स्थानीय उत्पाद सतत आय के लिए उनके इनोवेशन और कठिन परिश्रम को प्रदर्शित करता है।

0000000000000000

मौसम विभाग ने अगले चार दिनों तक असम, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में मूसलाधार बारिश होने का अनुमान व्यक्त किया है। असम में बाढ की स्थिति में थोडा सुधार हुआ है और राज्य में लगभग चौबीस लाख लोग बाढ से प्रभावित हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ सहित अन्य एजेंसियां राहत और बचाव कार्य में लगी हुई हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम में बाढ की स्थिति की जानकारी के लिए मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से बातचीत की और केंद्र सरकार की तरफ से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। 0000000000000000

नारी कोयु से विधायक तोजिर कादु ने शनिवार को लोअर सियांग जिले के रोत्ते विलेज का दौरा किया। विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार रोत्ते विलेज में पहुंचे तोजिर कादु का गांव के लोगों ने स्वागत किया। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास के साथ ही युवाओं में बढ़ रही नशे की लत की समस्या का समाधान उनकी प्राथमिकता होगी।

0000000000000000

लोअर दिबांग वैली जिले के रोइंग में इदु मिश्मी कल्चरल एंड लिटरेरी सोसायटी ने कक्षा दस और कक्षा बारह की परीक्षाओं के टॉपर्स को सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक मुचु मिथी, पुनियो अपुम, जिला उपायुक्त सौम्या सौरभ, इदु मिश्मी कल्चरल एंड लिटरेरी सोसायटी के अध्यक्ष डॉक्टर इस्ता पुलु, मिश्मी वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष एडवोकेट माथेम लिंगी, ऑल इदू मिशी छात्र संघ के अध्यक्ष ड्रोने लिंगी सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

0000000000000000

विधायक न्याबी जिनी दिर्ची ने लेपारादा जिले के बासार में पीएम पोषण स्कीम के वर्कर्स के साथ बैठक की। अंगम डेरे पाजो में इस बैठक के दौरान पीएम पोषण स्कीम से जुड़े वर्कर्स की विभिन्न चुनौतियों और शिकायतों पर चर्चा हुई। विधायक न्याबी जिनी दिर्ची ने उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग और हायर अथॉरिटीज के साथ बातचीत का आश्वासन दिया। उन्होंने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद छात्रों को पोषक आहार सुनिश्चित करने में कर्मियों के योगदान की सराहना की।

0000000000000000

विधायक मुचु मिथी ने लोअर दिबांग वैली जिले के वरिष्ठ अधिकारियों और पंचायत सदस्यों के साथ हाल ही में भारी वर्षा से रोईंग में स्थित पर्यटन स्थल सैली लेक को हुए नुकसान का जायजा लिया। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय के पास स्थित इस लेक का भ्रमण करने के लिए पड़ोसी राज्य असम सहित कई राज्यों के पर्यटक आते हैं।